BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 4

Subject : HINDI COURSE BOOK

पाठ – 13 अनोखा न्याय

1. शब्दार्थ :–

न्याय	–	फैसला
प्रसन्न	–	खुश
भाग	–	हिस्सा
विचित्र	–	अनोखा
विलाप	–	रोना
समक्ष	–	सामने
जीवित	–	जिंदा
दशा	–	हालत
बंदीगृह	–	कारागार, जेल
प्रशंसा	–	तारीफ

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. राजा के दरबार में कितनी महिलाएँ आई थीं?

उत्तर राजा के दरबार में दो महिलाएँ आई थीं।

ख. सभी दरबारी राजा के किस आदेश को सुनकर आश्चर्यचकित हो गए?

उत्तर बच्चे के दो टुकड़े करने के आदेश को सुनकर सभी दरबारी राजा आश्चर्यचकित हो गए।

ग. राजा का आदेश सुनने के बाद बच्चे की असली माँ राजा के पास जाकर क्या बोली?

उत्तर राजा का आदेश सुनने के बाद बच्चे की असली माँ राजा के पास जाकर बोली, "महाराज! दया कीजिए। बच्चे के दो टुकड़े मत कीजिए। मेरा पुत्र दूसरी स्त्री को दे दीजिए। कम से कम मेरा पुत्र जीवित तो रहेगा।"

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. राज्य के लोग राजा से क्यों प्रसन्न रहते थे?

उत्तर राज्य के लोग राजा के न्याय से प्रसन्न रहते थे।

ख. महिलओं के बीच किस बात को लेकर झगड़ा हो रहा था?

उत्तर महिलाओं के बीच एक बच्चे को लेकर झगड़ा हो रहा था।

ग. राजा ने राजपुरूष को क्या आदेश दिया?

उत्तर राजा ने राजपुरूष को आदेश दिया कि बच्चे के दो टुकड़े करके दोनों स्त्रियों को एक–एक भाग दे दो।

4. मूल्यपरक प्रश्न :–

प्रश्न 'यही इस बच्चे की असली माँ है' – राजा ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर यही इस बच्चे की असली माँ है – राजा ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि उसके विलाप करने की दशा को देखकर वह समझ गया था कि कोई माँ अपने पुत्र को दो टुकड़ों में कटा हुआ नहीं देख सकती।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. राजा के दरबार में कौन न्याय माँगने आया था?

दो पुरूष	✓ दो महिलाएँ	एक पुरूष व एक महिला

ख. राजा ने बच्चे के कितने टुकड़े करने को कहा?

तीन	✓ दो	एक

ग. दूसरी स्त्री को बंदीगृह में डालने का आदेश किसने दिया?

बच्चे की माँ ने	मंत्री ने	✓ राजा ने

6. 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए –

क.	राजा के दरबार में दो पुरूष आते हैं।	नहीं
ख.	राजा ने बच्चे को दो टुकड़े मे काटने का आदेश दिया।	हाँ
ग.	दरबारी ने बच्चे के चार टुकड़े कर दिए।	नहीं
घ.	राजा ने दूसरी महिला को बच्चा दे दिया।	नहीं
ङ	राजा बहुत ही न्यायप्रिय था।	हाँ

7. किसने कहा? किससे कहा? लिखिए –

क. "महाराज! यह मेरा पुत्र है।"

उत्तर पहली स्त्री ने — राजा से

ख. "नहीं, नहीं महाराज! यह झूठ बोल रही है।"

उत्तर दूसरी स्त्री ने — राजा से

ग. "हे राजपुरूष! इस बच्चे के दो टुकड़े कर दो।"

उत्तर राजा ने — राजपुरूष से

घ. "महाराज! दया कीजिए। बच्चे के दो टुकड़े मत कीजिए।"

उत्तर पहली स्त्री ने — राजा से